**Series : SKS/1**

कोड नं.
Code No. **64/1/1**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं तथा **2** पृष्ठ मानचित्रों के हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **26** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages and **2** pages of maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **26** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 70*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *प्रश्नों की कुल संख्या **26** है ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **1** से **10** तक अति लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का **1** अंक है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **11** से **20** तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं । इनमें से प्रश्न संख्या **20** मूल्य-आधारित है । प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*



collegedunia India's largest Student Review Platform

(vi) प्रश्न संख्या 21 से 25 तक दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।

(vii) प्रश्न संख्या 26 मानचित्रों पर दिए गए भौगोलिक लक्षणों को पहचानने और स्थिति दिखाने एवं नामांकन करने से संबंधित है ।

(viii) **संसार** तथा **भारत** के दिए गए मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका में अवश्य संलग्न कीजिए ।

(ix) रेखा-मानचित्र बनाने के लिए **खाँचों** अथवा **स्टेंसिलों** के प्रयोग की अनुमति है ।

**General Instructions :**

*(i) There are **26** questions in **all**.*

*(ii) **All** questions are compulsory.*

*(iii) Marks for each question are indicated against it.*

*(iv) Question numbers **1** to **10** are very short answer questions carrying **1** mark each. Answer to each of these questions should not exceed **20** words.*

*(v) Question numbers **11** to **20** are short answer questions carrying **3** marks each. Out of which Question No. 20 is a value based question. Answer to each of these questions should not exceed **80** words.*

*(vi) Question numbers **21** to **25** are long answer questions of **5** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **150** words.*

*(vii) Question number **26** is related to identification and locating and labelling of geographical features on maps.*

*(viii) Outline maps of the **World** and **India** provided to you must be attached within your answer-book.*

*(ix) Use of **templates** or **stencils** for drawing outline maps is allowed.*

1. अशोधित जन्मदर का अर्थ बताइए । **1**

Give the meaning of Crude Birth Rate (CBR).

2. संसार के भिन्न देशों में लिंग अनुपात का परिकलन किस प्रकार किया जाता है ? **1**

How is sex ratio calculated in different countries of the world ?

3. विश्व व्यापार संगठन (W.T.O.) के किन्हीं दो कार्यों का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

State any two functions of World Trade Organization (W.T.O.).

4. भारत के किस राज्य में स्त्री साक्षरता दर सबसे कम है ? **1**

Which State of India has the lowest female literacy rate ?



collegedunia
India's largest Student Review Platform

5. भारत में 1911-1921 की अवधि में जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि दर के लिए कोई दो कारण बताइए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

Mention any two causes of the negative growth rate of population in India during 1911-1921.

6. भारत में किन्हीं दो खनन नगरों के नाम बताइए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

Give any two examples of mining towns in India.

7. खण्डीय नियोजन किसे कहते हैं ? 1

What is 'sectoral planning' ?

8. भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में ग्रामीण सड़कों का घनत्व बहुत कम क्यों है ? एक कारण दीजिए । 1

Why is the density of rural roads very low in the hilly areas of India ? Give one reason.

9. 'पृष्ठ प्रदेश' शब्द का अर्थ दीजिए । 1

Give the meaning of the term 'Hinter land'.

10. भारत में जल प्रदूषण के किन्हीं दो स्रोतों का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

Mention any two sources of water pollution in India.

11. 'संभववाद' की संकल्पना को तीन उपयुक्त उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए । $3\times1=3$

Explain the concept of 'possibilism', with three suitable examples.

12. भारत में गंदी बस्तियों में रहने वाले लोगों की किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं का विश्लेषण कीजिए । $3\times1=3$

Analyse any three major problems of slum dwellers in India.

13. 'पार-साइबेरियन रेलमार्ग' के आर्थिक महत्त्व को किन्हीं तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए । $3\times1=3$

Explain any three points of economic significance of 'Trans-Siberian Railway'.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

14. साइबर स्पेस किसे कहते हैं ? इंटरनेट के किन्हीं दो लाभों का वर्णन कीजिए । $1 + 2 = 3$

What is cyberspace ? Describe any two advantages of internet.

15. आर्थिक विकास की प्रावस्था और विदेशी निवेश किस प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के आधार हैं, उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 3$

Explain with example, how 'stage of economic development' and 'foreign investment' become the bases of international trade.

16. भारत में ग्रामीण से नगरीय प्रवास के किन्हीं तीन प्रतिकर्ष कारकों की व्याख्या कीजिए । $3 \times 1 = 3$

Explain any three push factors that have caused rural to urban migration in India.

17. पल्ली बस्तियाँ क्या हैं ? भारत के किन्हीं दो ऐसे क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए, जहाँ इस प्रकार की बस्तियाँ पाई जाती हैं । $1 + 2 = 3$

What are hamleted settlements ? Mention any two areas of India where such settlements are found.

18. ताँबे के दो लाभ बताइए । भारत के चार मुख्य ताँबा खनन क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए । $1 + 2 = 3$

Give two advantages of copper. Mention four main copper mining areas of India.

19. भारत में भारी उद्योगों की स्थिति को निर्धारित करने में शक्ति और कच्चे माल की भूमिका स्पष्ट कीजिए । $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 3$


Explain the role of 'power' and 'raw-material' in the location of heavy industries in India.

20. सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के सशक्तीकरण के लिए आवश्यक किन्हीं तीन मानवीय मूल्यों की व्याख्या कीजिए । $3 \times 1 = 3$

Explain any three human values which are required to empower socially and economically disadvantaged people.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

21. 



निर्वाहन संग्रहण

निर्वाहन संग्रहण के क्षेत्रों को दिखाने वाले दिए गए मानचित्र का अध्ययन सावधानीपूर्वक कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 1 = 5**

(21.1) A, B, C और D द्वारा अंकित क्षेत्रों की पहचान कीजिए और उनके नाम अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

(21.2) संग्रहण की किन्हीं चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।

(21.3) विश्व स्तर पर संग्रहण महत्त्वपूर्ण क्यों नहीं हो सकता है ? दो कारण दीजिए ।




SUBSISTENCE GATHERING

Study the given map, showing areas of subsistence gathering carefully and answer the following questions :

(21.1) Identify and name the areas marked A, B, C and D in your answer book.

(21.2) Explain any four characteristics of gathering.

(21.3) Why can't gathering become important at the global level ? Give two reasons.



collegedunia India's largest Student Review Platform

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर है :

**Note :** The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **21** :

आखेट एवं भोजन संग्रहण की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । विश्व स्तर पर भोजन संग्रहण का अधिक महत्त्व क्यों नहीं है, दो कारण स्पष्ट कीजिए । **3 + 2 = 5**

Explain any three characteristics of hunting and gathering. Give two reasons why gathering has little chance to become important at global level.

22. विनिर्माण की परिभाषा दीजिए । आकार के आधार पर विनिर्माण उद्योगों का तीन वर्गों में वर्गीकरण कीजिए । प्रत्येक वर्ग की एक-एक विशेषता को स्पष्ट कीजिए । $2 + 1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 5$

Define 'manufacturing'. Classify manufacturing industries on the basis of size into three categories. Explain an important characteristic of each category.

23. नगरीय बस्तियों को आकार, कार्यों और उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर पाँच वर्गों में वर्गीकृत कीजिए । प्रत्येक प्रकार के वर्ग की एक-एक महत्त्वपूर्ण विशेषता की व्याख्या कीजिए । $2\frac{1}{2} + 2\frac{1}{2} = 5$

Classify urban settlements on the basis of size, functions and services available into five categories and explain an important characteristic of each type.

24. जल संसाधनों के कम होने के उत्तरदाई किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए । भारत में जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किन्हीं दो वैधानिक उपायों की जाँच कीजिए । **3 + 2 = 5**

Explain any three factors responsible for the depletion of water resources. Examine any two legislative measures for controlling water pollution in India.

25. आर्थिक विकास का स्तर और भूभाग की प्रकृति भारत में सड़कों के घनत्व को किस प्रकार प्रभावित करती हैं, पाँच उपयुक्त उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए । $5 \times 1 = 5$

Explain with five suitable examples, how the 'level of economic development' and 'nature of terrain' affect the density of roads in India.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

26. (26.1) संसार के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र में चार लक्षण A, B, C और D अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को नीचे दी गई जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम, उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए : $4 \times \frac{1}{2} = 2$

A : एक प्रमुख समुद्री पत्तन

B : एक प्रमुख वायु पत्तन

C : एशिया में सबसे अधिक जनसंख्या के घनत्व वाला देश

D : विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का क्षेत्र

(26.2) भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित की स्थिति उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके नाम लिखिए : $3 \times 1 = 3$

(i) मयूरभंज – लौह अयस्क खनन क्षेत्र ।

(ii) एक प्रमुख समुद्री पत्तन, जिसका विकास स्वतंत्रता के बाद देश के पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी भागों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया गया ।

(iii) राज्य जिसमें स्त्री साक्षरता दर सबसे अधिक है ।

(26.1) In the given political outline Map of the World, four features have been marked as A, B, C and D. Identify these features with the help of information given below and write their correct names on the lines drawn near them.

A : A major sea port

B : A major airport

C : The country having the highest density of population in Asia.

D : An area of extensive commercial grain farming.

(26.2) Locate and label the following on the given political outline Map of India with appropriate symbols :

(i) Mayurbhanj – iron ore mining area

(ii) A major sea port which has been developed after independence to cater the needs of Western and North-Western parts of the country.

(iii) A state having highest female literacy rate.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर हैं : **5 × 1 = 5**

**Note:** The following questions are for the **visually impaired candidates** only in lieu of Q. No. **26** :

(26.1) क्षेत्रफल की दृष्टि से एशिया का सबसे छोटा देश कौन सा है ?

(26.2) दक्षिण अफ्रीका में विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र का नाम बताइए ।

(26.3) गुजरात में स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम बताइए ।

(26.4) भारत के किस राज्य में साक्षरता दर सबसे अधिक है ?

(26.5) मयूरभंज लौह अयस्क खनन क्षेत्र किस राज्य में स्थित है ?

(26.1) Which is the smallest country of Asia in respect of area ?

(26.2) Name the area of extensive commercial grain farming in South Africa.

(26.3) Name the major sea port located in Gujarat.

(26.4) Which state of India has the highest literacy rate ?

(26.5) In which state Mayurbhanj iron ore mining is located ?


collegedunia.com India's largest Student Review Platform



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Map for Q. No. 26.1
प्रश्न सं. 26.1 के लिए मानचित्र

------ Cut Here ------------ यहाँ से काटें ------------ Cut Here ------------ यहाँ से काटें ------






collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform


collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

Map for Q. No. 26.2

प्रश्न सं. 26.2 के लिए मानचित्र

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

**Outline Map of India (Political)**



Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform